[This question paper contains 14 printed pages.]

613 *Your Roll No.* .....

B.Com. (Hons.) / III **G**

ELECTIVE GROUP EF – TAX PLANNING AND MANAGEMENT

Paper Code : C-314

Paper XXIX : Corporate Tax Planning

Time : 3 Hours *Maximum Marks : 75*

(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

Attempt **all** *questions.*

All *questions carry equal marks.*

सभी *प्रश्न कीजिए।*

सभी *प्रश्नों के अंक समान हैं।*

P.T.O.

1. (a) "Tax Planning is not the same as Tax Avoidance and Tax Evasion." Discuss. (5)

(b) Define the following :

(i) A Company in which the public are substantially interested

(ii) A Domestic Company (10)

OR

(a) As a tax consultant advise your client as to how to minimize his tax liability from a new unit in Special Economic Zone under section 10AA. (7)

(b) How can tax liability be minimized in respect of developing and building housing projects under section 80IB. (8)

(क) "कर नियोजन कर परिवर्जन और कर वंचन के समरूप नहीं हैं।" विवेचन कीजिए।

(ख) निम्नलिखित को परिभाषित कीजिए :

(i) कंपनी जिसमें जनता पर्याप्त रूप से हितबद्ध हो।

(ii) देशी कंपनी

अथवा

(क) धारा 10AA के अंतर्गत विशेष आर्थिक जोन में एक नई इकाई से अपनी कर देयता न्यूनतम करने के लिए कर परामर्शदाता के रूप में अपने मुवक्किल को सलाह दीजिए।

(ख) धारा 80IB के अंतर्गत आवास परियोजना विकसित और निर्मित करने के संबंध में कर देयता किस प्रकार न्यूनतम की जा सकती है ?

2. The net profit of XYZ Ltd. as per profit & loss account for the year ended 31.03.2014 amounted to Rs. 40,00,000 after debiting/crediting the following items :

Items debited to Profit and Loss Account

(i)	Provision for income-tax –	Rs. 2,00,000
(ii)	Provision for diminution in the value of investment –	Rs. 1,50,000
(iii)	Wealth-tax paid –	Rs. 2,00,000
(iv)	Securities transaction tax paid –	Rs. 50,000
(v)	Transfer to General Reserve –	Rs. 75,000
(vi)	Depreciation (including depreciation of Rs. 1,50,000 on revaluation)	Rs. 3,00,000

P.T.O.

Items credited to Profit and Loss Account

(i) Amount credited to P&L A/c from Special Reserve – Rs. 5,00,000

(ii) Amount credited to P&L A/c from Revaluation Reserve Rs. 2,00,000

Brought forward losses and unabsorbed depreciation as per books of the company are as follows :

Previous Year	Brought Forward Loss	Unabsorbed Depreciation
1. 2010-11	2,00,000	5,00,000
2. 2011-12	–	3,00,000
3. 2012-13	10,00,000	2,00,000

You are required to compute the tax liability of the company for the A.Y. 2014-15. (15)

OR

(a) As a tax consultant you are requested to advise an assessee as to how to minimize tax in respect of operating and maintaining hospital in a rural area as per Section 80IB. (5)

(b) Explain how would "Book Profit" be computed for computation of Minimum Alternate Tax as per section 115 JB. (10)

निम्नलिखित मदों को लाभ-हानि लेखे नामे डालने में जमा करने के बाद XYZ Ltd का 31.03.2014 को समाप्त वर्ष के लिए शुद्ध लाभ ₹40,00,000 था :

(i) आयकर के लिए प्रावधान - ₹2,00,000

(ii) निवेश के मूल्य में घटाव के लिए प्रावधान - ₹1,50,000

(iii) संदत्त धन कर - ₹2,00,000

(iv) प्रतिभूति संव्यवहार पर संदत्त कर - ₹50,000

(v) सामान्य आरक्षिति में अंतरण - ₹75,000

(vi) मूल्यह्रास (पुनर्मूल्यन पर ₹1,50,000 मूल्यह्रास शामिल करते हुए) - ₹3,00,000

<u>लाभ-हानि लेखे में जमा की गई मदें</u>

(i) विशेष आरक्षिति से लाभ-हानि लेखे में जमा की गई राशि - ₹5,00,000

(ii) पुनर्मूल्यन आरक्षिति से लाभ-हानि लेखे में जमा की गई राशि - ₹2,00,000

कंपनी की पुस्तकों के अनुसार अग्रानीत हानियाँ और अनवशोषित मूल्यह्रास इस प्रकार है :

P.T.O.

पूर्व वर्ष	अग्रानीत हानि	अनवशोषित मूल्यह्रास
1. 2010-11	2,00,000	5,00,000
2. 2011-12	–	3,00,000
3. 2012-13	10,00,000	2,00,000

निर्धारण वर्ष 2014-15 के लिए कंपनी की कर देयता अभिकलित कीजिए।

अथवा

(क) कर परामर्शदाता के नाते आपसे एक निर्धारिती को सलाह देने के लिए अनुरोध किया गया है कि वह धारा 80IB के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में प्रचालित और अनुरक्षित अस्पताल के बारे में किस प्रकार कर को न्यूनतम कर सकता है ?

(ख) स्पष्ट कीजिए कि धारा 115 JB के अंतर्गत न्यूनतम वैकल्पिक कर (MAT) के अभिकलन के लिए 'खातामूल्य' किस प्रकार अभिकलित किया जाएगा ?

3. X and Y want to start a new business. They have the option of forming a partnership firm or a company. As a tax consultant suggest as to which option they should chose, keeping in view the following information :

(i) The expected profits of the business are Rs. 20,00,000.

(ii) If they form partnership firm, they would contribute Rs. 15,00,000 each and take 12% interest and salary of Rs. 4,00,000 p.a. each while sharing profits and losses equally.

(iii) If they form company, they would contribute Rs. 10,00,000 each as capital and Rs. 5,00,000 each as loan @ 15%. They would also get salary of Rs. 4,00,000 p.a. each and distribute profits as dividend equally. Do all calculation according to the provisions relating to Assessment year 2015-16. (15)

OR

Explain the concept of "Deemed Dividend" under section 2(22) of the Income Tax Act 1961. What tax considerations will have to be kept in mind while deciding about the dividend policy of the company. (15)

X और Y कारोबार शुरू करना चाहते हैं। उनके पास साझेदारी फर्म बनाने या कंपनी बनाने का विकल्प है। निम्नलिखित सूचना को ध्यान में रखते हुए, कर परामर्शदाता के नाते सलाह दीजिए कि उन्हें कौन-सा विकल्प चुनना चाहिए :

(i) कारोबार के प्रत्याशित लाभ - ₹20,00,000 है।

(ii) यदि वे साझेदारी फर्म बनाते हैं, तो उनमें से प्रत्येक ₹15,00,000 का अंशदान करेगा और 12% ब्याज और बेलन के रूप में ₹4,00,000 वार्षिक लेगा, साथ ही प्रत्येक लाभ-हानि में बराबर का सहभागी होगा।

(iii) यदि वे कंपनी बनाते हैं, तब वे ₹10,00,000 प्रत्येक पूँजी के रूप में और 15% की दर पर ₹5,00,000 ऋण के रूप में अंशदान करेंगे। उन्हें ₹4,00,000 वार्षिक वेतन भी मिलेगा और लाभांश के रूप में लाभों को बराबर बाँटेंगे। निर्धारण वर्ष 2015-16 से संबंधित उपबंधों के अनुसार परिकलन कीजिए।

अथवा

आयकर अधिनियम 1961 की धारा 2(22) के अंतर्गत 'समझा गया लाभांश' की संकल्पना को स्पष्ट कीजिए। कंपनी की लाभांश नीति के बारे में विनिश्चय करते समय कर संबंधी किन बातों को ध्यान में रखना होगा ?

4. Mr. X wants to acquire a machine for Rs. 1,00,000. The expected life of the machine is 5 years after which it will be discarded, having nil residual value. He has two options

(i) Borrow Rs. 1,00,000 from bank to purchase the machine and repay the loan in 5 equal instalments of Rs. 20,000 each with interest @ 12% per annum.

(ii) Obtain the asset on lease, for the annual lease rent of Rs. 27,500 for 5 years with lease management fee of Rs. 1500 to be paid in the first year.

Assuming the rate of tax to be 33.99% and depreciation rate to be 15%, suggest whether the assessee should acquire the asset with borrowed funds or take the asset on lease while taking the discounting rate to be 10%.

The present value factors are :

Years.	1	2	3	4	5
PV Factor.	.909	.826	.751	.683	.621

Assume that lease rentals, lease management fees, loan as well interest amounts are payable at the year end. (15)

OR

(a) Explain the provisions of section 45(1A) with regard to taxability of the receipt of insurance compensation in case of damage or destruction of a capital asset. (7)

(b) Mr. X, 40 years, resident Indian, earned a sum of Rs. 20,00,000 during the previous year 2013-14 from a business in a country with which India does not have a

double tax avoidance treaty. Tax of Rs. 40,000 was levied on such income in the source country. He earned Rs. 30,00,000 during 2013-14 from business in India. He has deposited Rs. 2,00,000 in PPF during the year. Compute his income tax liability for the assessment year 2014-15. (8)

श्री X ₹1,00,000 में एक मशीन लेना चाहते हैं। मशीन का प्रत्याशित जीवन 5 वर्ष है। उसके बाद उसे निकाल दिया जाएगा, उसका कोई अवशिष्ट मूल्य नहीं होगा। श्री X के पास दो विकल्प हैं :

(i) मशीन खरीदने के लिए 1,00,000 बैंक से ऋण लें और ₹20,000 की पाँच बराबर किश्तों 12% वार्षिक में लौटाया जाएगा।

(ii) परिसंपत्ति को पट्टे पर ले। वार्षिक पट्टा लगान ₹27,500 5 वर्ष होगा। पट्टा प्रबंध शुल्क ₹1500 पहले वर्ष में दिया जाएगा।

यह मानते हुए कि कर की दर 33.99% है और मूल्यह्रास दर 15% होगी, सलाह दीजिए कि निर्धारिती को उधार लेकर परिसंपत्ति प्राप्त करनी चाहिए या मशीन को पट्टे पर लिया जाना चाहिए, जबकि बट्टा दर 10% होगी।

वर्तमान मूल्य कारक हैं :

वर्ष	1	2	3	4	5
PV कारक	.909	.826	.751	.683	.621

मान लीजिए पट्टा लगान, पट्टा प्रबंध शुल्क, ऋण और ब्याज राशियाँ वर्ष के अंत में देय है।

अथवा

(क) पूँजीगत परिसंपत्ति की क्षति या विनष्ट होने पर बीमा-प्रतिपूर्ति की प्राप्ति की कराधेयता के संबंध में धारा 45(IA) के उपबंधों को स्पष्ट कीजिए।

(ख) 40 वर्षीय भारतीय निवासी श्री X ने पूर्व वर्ष 2013-14 के दौरान उस देश में कारोबार से ₹20,00,000 की राशि अर्जित करी जिस देश के साथ भारत की दोहरे कर-परिवर्तन की संधि नहीं है। स्त्रोत देश में ऐसी आय पर ₹40,000 का कर लगाया गया था। उसने भारत में कारोबार में वर्ष 2013-14 के दौरान ₹30,00,000 अर्जित किए। उसने वर्ष के दौरान लोक भविष्य निधि में ₹2,00,000 जमा किए। निर्धारण वर्ष 2014-15 के लिए उसकी आयकर देयता अभिकलित कीजिए।

5. (a) State the different methods of computation of arm's length price under section 92C ? Which can be the most appropriate method of determination of arms' length price ? (7)

(b) Define advance ruling as per section 245N(a). When can the application for advance ruling be rejected by the authority for advance ruling. (8)

P.T.O.

OR

(a) Mr. X started a unit in 2009. The Balance Sheet of the unit as on March 31, 2014 is as under

Capital	6,50,000	Land (purchased on June 1, 2009)	5,00,000
Revaluation Reserve	3,00,000	Building (WDV)	2,50,000
Bills Payable	75,000	Plant & Machinery (WDV)	1,50,000
Creditors	1,25,000	Bills Receivables	25,000
		Stock	1,25,000
		Debtors	1,00,000
Total	11,50,000	Total	11,50,000

Other Information :

(i) Land was revalued in 2013 and the amount was credited to Revaluation Reserve Account.

(ii) Mr. X sold the unit on May 1, 2014 for lump sum consideration of Rs. 10,00,000.

Compute the capital gains in slump sale. (8)

(b) Explain the tax implications of the transfer of assets between holding and subsidiary company. (7)

(क) धारा 92C के अंतर्गत परस्पर रजामंदी कीमत के अभिकलन की विभिन्न विधियों का वर्णन कीजिए। परस्पर रजामंदी पर तय कीमत के निर्धारण की सर्वोपयुक्त विधि क्या हो सकती है ?

(ख) धारा 245 N(a) के अनुसार अग्रिम विनिर्णय को परिभाषित कीजिए। अग्रिम विनिर्णय व्यवस्था प्राधिकारी द्वारा अग्रिम विनिर्णय का आवेदन कब अस्वीकृत किया जा सकता है ?

अथवा

(क) श्री X ने 2009 में एक इकाई स्थापित की। इकाई का 31 मार्च 2014 का तुलन पत्र इस प्रकार है :

पूँजी	6,50,000	1 जून 2009 में खरीदी गई भूमि	5,00,000
पुनर्मूल्यन आरक्षिति	3,00,000	भवन (अवलिखित मूल्य)	2,50,000
देय बिल	75,000	संयंत्र और मशीनरी (अवलिखित मूल्य)	1,50,000
लेनदार	1,25,000	प्राप्य बिल	25,000
		स्टॉक	1,25,000
		देनदार	1,00,000
योग	11,50,000	योग	11,50,000

P.T.O.

अन्य सूचना :

(i) भूमि का 2013 में पुनर्मूल्यन किया गया और राशि पुनर्मूल्यन आरक्षिति लेखे में जमा कराई गई ।

(ii) श्री X ने इकोई को 1 मई 2014 में ₹10,00,000 के एक मुश्त प्रतिफल के लिए बेच दिया ।

मंदी बिक्री में पूँजीगत अभिलाभों को अभिकलित कीजिए ।

(ख) नियंत्रक और सहायक कंपनी के बीच परिसंपत्ति-अंतर के कर-निहितार्थ स्पष्ट कीजिए ।